
# खाली प्लॉट बन रहे मुसीबत

**खास बातें**

- कचरे के लग रहे ढेर, पनप रहे जहरीले जीव-जंतु
- नपा नहीं करती कार्यवाही, लोग हो रहे परेशान



**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा 6 जनवरी, नगर के पूंजीपति बड़े लोग मेन रोड पर प्लाट खरीद कर छोड़ देते हैं और फिर बरसों तक नहीं देखते.कीमत बढ़ने का इंतजार करते हैं. वार्ड क्रमांक 7 में यह स्थिति देखी जा सकती है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार बहलोट बायपास रोड पर नगर पालिका द्वारा नालियों का निर्माण कार्य किया गया था वहां सामने खाली प्लाट बड़े लोगों के पड़े हुए हैं उन खाली पड़े भूखंडों पर कचरे के ढेर लगे हैं और वृक्ष खड़े हुए हैं.वह गंदगी नालियों में ठसा ठस भरी पड़ी है.जहां जहरीले जीव जंतुओं का स्थाई बसेरा हो गया है.गंदगी बदबू से लोग परेशान है अनेकों बार शिकायत वार्ड वासी कर चुके हैं.परंतु किसी का ध्यान इस ओर नहीं है.क्योंकि यह खाली प्लाट प्रभावशाली नेताओं के हैं.गर्मी के दिनों में कचरा उड़ता रहता है और घरों में प्रवेश कर जाता है.शहर के वार्ड 3 में भी यही स्थिति बनी हुई है.इसके लिए साधन संपन्न पढ़े लिखे लोग ही जिम्मेदार हैं.

### प्रभावशाली लोगों के विरुद्ध नहीं हो पा रही कार्यवाही-सीएमओ

इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी गंजबासौदा का कहना है कि हमारे पास भी इस तरह की शिकायतें आई हैं. परंतु प्रभावशाली लोगों के विरुद्ध कार्यवाई नहीं हो पा रही है.कई बार नगर पालिका परिषद द्वारा नोटिस भी दिए गए हैं.खाली प्लाट वालों के लिए परंतु वह परवाह नहीं करते फिर भी हम उन सभी को नोटिस देंगे जिनके विरुद्ध शिकायतें हमें मिल रही हैं.

## नपाध्यक्ष ने रैन बसेरा का लिया जायजा

**प्रशासन द्वारा की गई अलाव व्यवस्था को देखा**
**नपाध्यक्ष, एसडीएम ने देखीं व्यवस्थाएं**



**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज 6 जनवरी, शहर में इन दिनों पड़ रही भीषण सर्दी एवं शीत लहर को देखते हुए प्रशासन द्वारा सर्दी से बचाव के लिए किए गए इंतजाम का जायजा लेने अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि सड़कों पर निकले. इस दौरान उन्होंने शहर में प्रमुख चौक चौराहों एवं सड़कों पर नगरपालिका द्वारा की गई अलाव व्यवस्था का जायजा लिया. साथ ही शहर की सड़कों पर रह रहे बेसहारा लोगों को नपा के रैन बसेरे में भेजा.**

शहर में इन दिनों भीषण सर्दी एवं शीत लहर का प्रकोप जारी है. भीषण सर्दी के कारण लोगों का हाल बेहाल हो रहा है. ऐसे में लोगों को शीतलहर से राहत देने के लिए प्रशासन द्वारा किए गए इंतजामों का जायजा लेने नपाध्यक्ष मनमोहन साहू एवं एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा शहर की सड़कों पर निकले. इस दौरान उन्होंने शहर के चौक चौराहों पर अलाव व्यवस्था, बसस्टैंड परिसर एवं रैन बसेरा का निरीक्षण किया.

इस दौरान नपाध्यक्ष मनमोहन साहू ने सड़कों पर रह रहे बेसहारा लोगों, बुजुर्गों को कंबल का वितरण भी किया. देर रात बस स्टैंड पहुंचे दल ने प्रतिक्षालय शेड में बसों का इंतजार करते यात्री मिले. जिसपर एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा ने तत्काल अलाव व्यवस्था के निर्देश सीएमओ रामप्रकाश साहू को दिए. इसके अलावा पत्रकार भवन के नीचे स्थित प्रतिक्षालय में अन्य शहर से आए नागरिक मिले. जिस पर उनको तलैया मोहल्ले में स्थित शादी हाल में बनाए गए अस्थाई रैन बसेरे में भेजे जाने के निर्देश दिए. वही बेसहारा, बुजुर्ग लोगों को कंबल का वितरण किया. इस दौरान नपाध्यक्ष एवं एसडीएम ने शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर जलाए जा रहे अलावों की जानकारी लेकर निरीक्षण किया. नपा सीएमओ रामप्रकाश साहू ने बताया कि शीत लहर एवं सर्दी को देखते हुए शहर में करीब एक दर्जन स्थानों पर नगरपालिका द्वारा अलाव की व्यवस्था की गई है.

## पीएम स्वनिधि 2.0 योजना शिविर में आए 41 आवेदन

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** नगर पालिका द्वारा मंगलवार को प्रधानमंत्री स्वनिधि 2.0 योजना हेतु लगातार दूसरे दिन शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में 41 नए आवेदन प्राप्त हुए. इस दौरान शहर के लोगों को योजना के संबंध में जागरूक किया गया. साथ ही नगरपालिका द्वारा 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने पर भी कार्य किया गया. जिसके तहत 27 आयुष्मान कार्ड बनाए गए. सीएमओ ने बताया कि शिविर के माध्यम से योजना के प्रथम चरण के नए आवेदन लिए गए. प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से हाट ठेला, सब्जी-फल विक्रेता, फास्ट फूड विक्रेता, छोटे व्यवसायी इत्यादि को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाता है. शिविर में नपाध्यक्ष मनमोहन साहू, सीएमओ रामप्रकाश साहू, बद्री प्रसाद शर्मा, संतोष कुमार सहारिया, आकांक्षा गव्हाड़े, रविकांत शर्मा, अविनाश भृगु, अनुराग कौरव आदि उपस्थित रहे.

## राजस्व रिकार्ड तहसील कार्यालय में भेजे जाने की मांग




**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** सिरोंज व तहसील के ग्रामों के राजस्व रिकार्ड सिरोंज तहसील कार्यालय में वापस भेजने की मांग को लेकर लोगों ने कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी को एक आवेदन दिया.

स्थानीय तहसील कार्यालय में आवेदक अशोक शर्मा एडवोकेट, असलम गौरी एवं ज्योतेन्द्र जोशी ने आवेदन देकर कहा कि सिरोंज सहित सिरोंज तहसील के ग्रामों के राजस्व रिकार्ड विदिशा में जमा होने की वजह से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है. सिरोंज तहसील में होने वाले राजस्व संबंधी प्रकरणों को विदिशा कलेक्ट्रेट में जमा किया जाता है. जिससे लोगों को अपील करने में और प्रमाणित प्रतिलिपि लेने में परेशानियां होती है. उक्त राजस्व रिकार्ड विदिशा में जमा होने की वजह से सिरोंज में एवं ग्रामों में शासकीय भूमियों पर अवैध कॉलोनियां काटी जा रही है. विदिशा से सिरोंज के किसान, गरीब मजदूरों को राजस्व संबंधी दस्तावेज लाने के लिये कलेक्टर ऑफिस के चक्कर लगाने पड़ते है. जिसमे पक्षकारों को आर्थिक नुकसान होता है. इस प्रकार आम जनता का समय, पैसा बर्वाद होता है. और उसे मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ती है. वही प्रकरणों के निराकरण के बाद सिरोंज तहसील के निराकरण के बाद विदिशा में प्रकरण भेजे जाने के कारण पक्षकारों को शीघ्रता से नकल प्राप्त नही हो पाती है. जिसकी वजह से समय लगता है. सिरोंज तहसील के ग्रामों में भू-माफियाओं द्वारा अवैध रूप से भूमि विक्रय कर आम जनता के साथ धोखाधड़ी की जा रही है. यही लटेरी, बासौदा, ग्यारसपुर, कुरवाई का संपूर्ण राजस्व रिकार्ड संबंधित तहसीलों में उपलब्ध है. किन्तु सिरोंज में जमीन की हेरा फेरी वर्षों से भू-माफिया कर रहे है. जो जनता के हित में नही है. उन्होंने सिरोंज का राजस्व रिकार्ड जिसमे राजस्व की मूल फाईल, अपील प्रकरण, विक्रय पत्र, दानपत्र, हिवा, अनुबंध आदि सिरोंज अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में भेजे जाने की मांग की. जिससे आसानी से पक्षकारों को बिना समय, धन बर्वाद किये न्याय मिल सके.

## पुण्यतिथि पर सेवा कार्य, जरुरतमंदों को गर्म कपड़े बांटे

**नवभारत न्यूज**
**पठारी,** विगत तीन वर्षों से निरंतर संचालित मानव सेवा समिति में समाज सेवी स्वर्गीय श्री गया प्रसाद साहू की पुण्यतिथि पर उनके परिजनों द्वारा सेवा एवं सहयोग का प्रेरणादायक कार्य किया गया.इस अवसर पर परिजन बबलू साहू एवं गगन साहू आदि के द्वारा समिति में उपस्थित लोगों को भोजन एवं मिठाई परोसी गई तथा 25 जरूरतमंदों को स्वेटर एवं इनर वितरित किए गए. इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि अखिलेश पंथी, मानव सेवा समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी, चंद्रभान सिंह ठाकुर, बबलू कुर्मी आदि उपस्थित रहे.



## गुरुद्वारे की दानपेटी से उड़ाए हजारों

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** गुरुद्वारा में रखी दान पेटी का ताला तोड़कर हजारों रुपए निकाले लिये.दर्शन करने गए व्यक्ति ने युवक को देखा तो वह धक्का मार कर भाग गया.बताया गया है की युवक मोहल्ले का ही है जिसकी नाम दर्ज रिपोर्ट की गई है.पुलिस तहकीकात कर रही है.वास्तविकता क्या है जांच के पश्चात ही प्रकरण कायम होगा.नगर में बढ़ती चोरियां चिंता का विषय है.

## जन जागृति सेवा समिति ने सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**
**कुरवाई,** कुरवाई जन जागृति सेवा समिति द्वारा गरीब जनता की आर्थिक समस्याओं के समाधान हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन पत्रअनुविभागीय अधिकारी मनीष जैन को सौंपा गया. समिति के सचालक अनिल कुमार सोनी ने बताया कि अनेक लोग न्यूनतम आय के अभाव से जूझ रहे हैं. ज्ञापन में लाडली बहना योजना से वंचित पात्र महिलाओं के नाम जोड़ने का पोर्टल स्थायी रूप से चालू रखने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि 600 से बढ़ाकर न्यूनतम 1500 प्रतिमाह करने, प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को आवास कुटी देने, बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिलने तक बेरोजगारी भत्ता देने , कुरवाई क्षेत्र में उद्योग-कारखाना की स्थापना कर स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन करवाने, जन औषधि केंद्रों की स्थापना, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति एवं नया भवन बनवाने, खाद्यान्न वितरण 5 किलो से बढ़ाकर 10 किलो प्रति व्यक्ति करने, ई-श्रम कार्ड धारकों को 1000 प्रतिमाह बेरोजगारी सहायता देने, ध्वनि प्रदूषण रोकने डीजे, ब्लूटूथ डेक पर सख्त कार्रवाई करने, ज्ञापन पत्र सौंपने वालों में प्रांत अध्यक्ष राजकुमार सोनी, बालमुकुंद सोनी प्रांतीय सचिव एवं चित्रांश सोनी मीडिया प्रभारी सहित ग्रामीण अंचल के भगवान सिंह कुशवाहा, मिठाई लाल रैकवार, राजेंद्र कुशवाहा, हबीब खान, अनुज नागवंशी, लीलाबाई प्रजापति, प्रियंका प्रजापति बाबाजी विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे.

## घंटा बजाते कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे विधायक निवास

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा, अंबेडकर चौक पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता और नेता एकत्रित हुए और अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रदेश सरकार के मंत्री विजय वर्गीय के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए उनके कृत्य की आलोचना की ओर तत्काल मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने की मांग की.**

पूर्व विधायक निशंक जैन, पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रहलाद सिंह रघुवंशी, वरिष्ठ पार्षद सौदान सिंह यादव , प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री विकास शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष लखन लोधी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता संतोष शर्मा, सुनील पिंगले, रवि तिवारी अल्लू अहिरवार, मणि भाई अहिरवार, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री श्रीमती विद्या यादव, एडवोकेट मंजू कुशवाह, बंटी गुर्जर, बंटी मेहता आदि ने मुख्यमंत्री के नाम विधायक हरि सिंह रघुवंशी को ज्ञापन दिया तथा कहा कि वह हमारी आवाज मुख्यमंत्री तथा प्रधानमंत्री तक पहुंचाएं और ऐसे मंत्री को तुरंत हटाया जावेद जावे मंत्री विजय वर्गीय ने प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े पत्रकारों का भी अपमान किया है.घंटा शब्द शर्मनाक है और वह भी प्रदेश के एक जिम्मेदार मंत्री द्वारा कहना उनकी मानसिकता को दर्शाता है.इसके बाद मंत्री पर कार्रवाई न करते हुए एक वरिष्ठ अधिकारी को उनकी आलोचना करने पर सस्पेंड कर दिया. इससे ऐसा प्रतीत होता है की मंत्री विजयवर्गीय को कुछ भी बोलने की छूट दी गई है. कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्य मार्ग पर घंटा बजाते हुए चल रहे थे.इस तरह का प्रदर्शन शहर में पहली बार देखने को मिला.




**नि:शुल्क ब्लड ग्रुप चेक आज दुर्गा नगर में**

आपके जीवन को सुरक्षित रखने का उद्धेश्य लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाने देहदानी विकास पचौरी विदिशा के घर-घर जाकर सभी का नि:शुल्क ब्लड ग्रुप चेक करबा रहे हैं। आपके घर के पास सेवा वाहन आने पर कृपया सभी उम्र के बच्चे, भाई-बहन एवं बुजुर्ग अपने ब्लड ग्रुप की जाँच कराकर परिचय कार्ड बनवाकर अपने भारत देश का नाम विश्व में रौशन करने में योगदान दें।


## हतोड़ा में आयोजित हिंदू सम्मेलन से मिला एकता, समरसता का संदेश



**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** समीपस्थ ग्राम हतोड़ा मंडल में मंगलवार को भव्य हिंदू सम्मेलन गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ.सम्मेलन में सनातन संस्कृति, सामाजिक चेतना और भक्ति का सशक्त संगम देखने को मिला. दिन भर चले कार्यक्रम में भजन, काव्य-पाठ और संतों के प्रेरक उद्बोधनों ने क्षेत्र को धर्म और राष्ट्रभाव से सराबोर कर दिया. कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुई. इसके बाद स्थानीय कलाकारों एवं भजन मंडली ने भगवान शिव और महादेव के मधुर भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे पंडाल भक्तिरस में डूब गया.सम्मेलन में आयोजित हुए कवि सम्मेलन में कवियों ने हास्य, ओज और भक्ति रस से ओत-प्रोत काव्य-पाठ में नीलेश चतुर्वेदी, शुभम रघुवंशी 'भोला', मोहित भार्गव, प्रगति यादव, राखी यादव, शुभम दुबे एवं कालू पेंटर ने अपनी प्रभावी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया. कवि सम्मेलन का सशक्त और प्रभावी संचालन नीलेश चतुर्वेदी ने किया. सम्मेलन में संतों और विद्वानों का प्रेरक उद्बोधन प्रभावी रहा.गंज हनुमान मंदिर के महंतश्री महेश्वरदास त्यागी जी महाराज ने हिंदू धर्म की महानता पर प्रकाश डालते हुए समाज में मातृ शक्ति के महत्व को रेखांकित किया और धर्म को जीवन का आधार बताया. मुख्य वक्ता संघ के जिला प्रचारक राकेश परमार ने 'पंच परिवर्तन' सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्य के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया.श्री राजा जी महाराज (बालाजी धाम) ने भगवान शिव एवं हनुमान जी की कृपा का वर्णन करते हुए हिंदू धर्म को विश्व का कल्याणकारी मार्ग बताया.इस अवसर पर श्रीमती रजनी रघुवंशी एवं सुश्री दृष्टि रघुवंशी की गरिमामयी उपस्थिति रही. कार्यक्रम के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया.ग्राम हतोड़ा सहित आसपास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर महाप्रसाद ग्रहण किया.समूचे आयोजन का सफल और प्रभावी संचालन वेदांश वेदांकुलम ने किया.उनकी ओजस्वी वाणी और मंच संचालन ने श्रोताओं को अंत तक कार्यक्रम से जोड़े रखा.

## श्री राम कथा सुनने से संसार से मिलती मुक्ति-तिवारी

**नवभारत न्यूज**
**पठारी, श्री राम कथा सुनने एवं करने से जीव को मुक्ति मिलती है.श्री राम कथा का महत्व बताते हुए पंडित श्री द्वारका प्रसाद तिवारी रामाणी कौरासा से आए ने कहा कि मृत्यु को जानने से मृत्यु का भय मन से मिट जाता है. जिस प्रकार परीक्षित ने कथा का श्रवण कर अभय को प्राप्त किया. वैसे ही कथा जीव को अभय बना देती है.**

कथा परमात्मा का अक्षर स्वरूप है.यह परमहंसों की संहिता है, श्री राम कथा हृदय को जागृत कर मुक्ति का मार्ग दिखाती है. सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन पठारी तहसील मुख्यालय से 8 किलोमीटर दूर बालाजी धाम नागटोरिया दुधावरी मंदिर परिसर में आयोजित हो रहा है कथा के मुख्य यजमान बाबूलाल ठाकुर रिटायर शिक्षक है कौरासा से आए पंडित द्वारका प्रसाद तिवारी द्वारा कथा का वाचन किया जा रहा है.सात दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन 9 जनवरी तक किया जाएगा. कथा दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित की जा रही है. कथा समापन पर आरती की गई.इस अवसर पर लाखन सिंह ठाकुर, मनोहर सिंह ठाकुर भूपेंद्र सिह ठाकुर रणधीर सिंह ठाकुर राघवेंद्र ठाकुर सहित भारी संख्या में श्रद्धालु एवं मातृशक्ति उपस्थित रही.



**कार्रवाई** | **मारपीट की घटनाओं से पुलिस की बढ़ी चुनौती, लोगों में बना भय का माहौल**

# देर रात तक खुले ढाबों पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा




**नवभारत न्यूज**
**सांची,सांची थाना क्षेत्र अंतर्गत विदिशा रोड पर बड़ी संख्या में छोटे-बड़े होटल एवं ढाबों का संचालन किया जा रहा है. इन ढाबों पर आए दिन होने वाली लड़ाई-झगड़े और गुंडागर्दी की घटनाओं से क्षेत्र की शांति व्यवस्था पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है.जानकारी के अनुसार जिले में नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता तथा सांची थाना प्रभारी जे.पी. त्रिपाठी के पदभार संभालने के बाद अपराधियों में खौफ का माहौल बना है और अनैतिक गतिविधियों पर काफी हद तक लगाम भी कसी गई है. इसके बावजूद थाना क्षेत्र अंतर्गत विदिशा रोड पर विदिशा के व्यापारियों द्वारा संचालित कई होटल-ढाबे देर रात तक खुले रहते हैं, जहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बना रहता है.**

देर रात तक ढाबे खुले रहने से ग्राहकों एवं संचालकों के बीच विवाद की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं. कई मामलों में आपसी सुलह हो जाती है, जबकि कुछ प्रकरण थाने तक पहुंच जाते हैं, जिससे पुलिस को शांति व्यवस्था बनाए रखने में अतिरिक्त मशक्कत करनी पड़ रही है.पुलिस द्वारा पूर्व में कई बार होटल एवं ढाबा संचालकों को स्पष्ट निर्देश जारी किए जा चुके हैं कि निर्धारित समय के बाद ढाबे बंद किए जाएं, परंतु कुछ संचालक इन निर्देशों की अनदेखी करते नजर आ रहे हैं.वहीं, ढाबों पर देर रात खुलेआम शराब सेवन की शिकायतें भी सामने आई हैं.बीती रात विदिशा रोड स्थित अग्रवाल रेस्टोरेंट पर खाना परोसने को लेकर हुए विवाद के बाद विदिशा निवासी युवकों द्वारा रेस्टोरेंट कर्मचारियों के साथ मारपीट एवं हंगामा किया गया। इस संबंध में फरियादी आयुष प्रजापति पिता अनिल प्रजापति (उम्र 23 वर्ष), निवासी राघवजी कॉलोनी, थाना कोतवाली, विदिशा ने शिकायत दर्ज कराई है.पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है.

### ढाबा संचालकों को बंद करने का दिया निर्धारित समय-थाना प्रभारी

इस संबंध में सांची थाना प्रभारी जे.पी. त्रिपाठी ने बताया कि विदिशा रोड सहित थाना क्षेत्र के सभी होटल एवं ढाबा संचालकों को निर्धारित समय सीमा में प्रतिष्ठान बंद रखने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं. नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. बीती रात की घटना में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है और दोषियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है. क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा.सांची जैसे शांत, धार्मिक एवं पर्यटन स्थल पर असामाजिक गतिविधियों का बढ़ना चिंता का विषय है. नगरवासियों की मांग है कि होटल, लॉज एवं ढाबों के संचालन समय का कड़ाई से पालन कराया जाए, जिससे क्षेत्र की शांति और सुरक्षा बनी रहे.

## कड़ाके की ठंड से बचाने बांटे कम्बल

**नवभारत न्यूज**
**सांची,** नगर में कडाके की ठंड का दौर जारी है इसमे संपन्न लोग तो इस कडाके की ठंड से अपना बचाव कर लेते हैं परन्तु यह कडाके की ठंड उन निराश्रित बेसहारा लोगों के लिए मुसीबत बन जाती हैं तथा उन्हें ठंड से बचने कोई सहारा सिवाय अलाव के नहीं दिखाई पड़ता.इस गरीबों के गंभीर संकट को हल करने देर शाम नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम ने बीडा उठाते हुए सहारा बनकर सामने आए तथा तमाम ऐसे गरीब जो ठंड से परेशान थे उन्हें कम्बल वितरित कर उन्हें ठंड से बचाने का प्रयास किया.जिससे बेसहारों को थोड़ी राहत मिल गई.इस अवसर पर अध्यक्ष रेवाराम ने बताया कि बेसहारा भी हमारे समाज का हिस्सा है तथा ऐसे लोगों को समाज के सभी लोगों को आगे आकर इनका सहारा बनना चाहिए जिससे ऐसे लोग भी इस कडाके की ठंड से राहत की सांस ले सके.इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल की ऐम्बुलेंस चालक हेल्पर जो रातदिन अपने घर परिवार को छोड़ मरीजों की सेवा में लगे रहते है.

## जयंती एवं पुण्यतिथि मना कर महापुरुषों को किया याद

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,शहर वाचनालय पाठक संघ द्वारा महापुरुषों को याद कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई अर्पित की गई.कार्यक्रम का संचालन पाठक संघ के संयोजक दीपक तिवारी ने करते हुए कहा कि देश के महान क्रांतिकारी मोहम्मद अली जोहर महान कवि नीरज जी के व्यक्तित्व एवं कर्तव्य पर प्रकाश डाला.**

इस अवसर पर स्वर्गीय श्री नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुनील बाबू पिंगले ने महान कवि गोपाल दास नीरज जी के योगदान एवम सिंधु ताई सपकाल जिन्होंने सेकेड़ो बच्चों को पाला एवं, महान वैज्ञानिक सर इजेक न्यूटेन और संगीत कार आर डी बर्मन एवम कवि और स्वतंत्रता सेनानी मोहम्मद अली जोहर द्वाराएवम देश के लिए उनके बलिदान को प्रेरणादायक बतलाते हुए उनके सिद्धांतों एवं नीतियों को अपने आचरण में उतरने की आवश्यकता पर जोर दिया और उनके जीवन से युवाओं को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है इस अवसर पर डॉ अशोक रोहिले एवम लायंस क्लब के विजय अरोरा ने भी अपने विचार व्यक्त किये.कार्यक्रम में विशेष रूप से नामदेव समाज के कैलाश नामदेव ने पाठक संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना की आभार पाठक संघ के प्रभारी सतीश शिल्पकार ने किया इस अवसर पर कर फुटकर व्यापार संघ के अध्यक्ष नरेंद्र जैन घनश्याम चौरसिया डॉ अंशुल रोहले,नंदकिशोर सोनी ,मोहन सैनी ,पंडित सौरभ शर्मा, राधव पिंगले,कैलाश नेमा, सतीश सेन सहित आदि पाठक गण उपस्थित थे.